C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:20 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:22 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 235 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 14 मार्च 2025
ली देवा...पेज-3 पर

**आवश्यक सूचना**

होली पर्व के अवसर पर उत्तरांचल दीप कार्यालय में 15 मार्च 2025 को अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।

## होली के रंग में सराबोर हुए, मुख्यमंत्री आवास में जश्न

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री आवास में जमकर होली खेली गई। सीएम धामी ने मंत्रियों संग खूब अबीर-गुलाल उड़ाया। प्रदेशभर में जगह-जगह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास पर भी आज जमकर होली खोली गई। इस दौरान सीएम धामी का भी अलग अंदाज देखने को मिला। ढोल गले में लटका सीएम धामी ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के साथ खूब नाचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ही उनकी पत्नी गीता धामी ने खूब होली खेली। सीएम ने इस दौरान



प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने कहा कि होली रंग और उल्लास के त्योहार के साथ ही हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक समरसता तथा एकता की भावना को भी मजबूत बनाता है। एक तरफ हारूल नृत्य करते जौनसारी कलाकार, तो दूसरी तरफ अपनी ही धुन में मगन होली गीत पर लोहाघाट से आईं महिला कलाकार नाचती और गाती नजर आईं। इन सबके बीच, पौड़ी जिले के राठ क्षेत्र से आई सांस्कृतिक टोली का अपना आकर्षण था। थारू जनजाति का नृत्य तो छोलिया नृत्य करते अल्मोड़ा के कलाकारों की अपनी मस्ती रही। सीएम आवास पर होली मिलन कार्यक्रम की यही तस्वीर उभरी है। जिसमें गढ़वाल-कुमाऊं से लेकर जौनसार तक का होली गायन था, नृत्य था। लोक संस्कृति का वह प्रभाव भी था, जो उत्तराखंड को सांस्कृतिक तौर पर विशिष्टता प्रदान करता है। सीएम आवास के खुले परिसर में गुरुवार को उत्तराखंड की लोक संस्कृति के तमाम रंग बिखरे। उत्तराखंड की सांस्कृतिक एकता और समृद्धि के दर्शन हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आमंत्रण पर सीएम आवास पर सांस्कृतिक दलों का एक मेला सा जुटा दिखा। होली के गीत गूंजे। पारंपरिक गायन हुआ। ढोल, मंजीरे बजे इसके साथ ही पारंपरिक वाद्य यंत्रों की संगत ने होली गीतों के प्रभाव को और बढ़ा दिया। आओ दगड़ियो, नाचा गावा, आ गई रंगीली होली का आह्वान यदि अल्मोड़ा से आए कलाकारों ने किया, तो राठ क्षेत्र के कलाकारों ने गाया-आई डान्ड्यू बसंत, डाली मा मौल्यार।

**News कॉर्नर**

### मौसम: पहाड़ों पर लौटेगी ठंड, चलेंगी तेज हवाएं

**देहरादून।** उत्तराखंड में पहाड़ों में फिर एक बार ठंड लौटेगी। आज होली पर मौसम का मिजाज बदलेगा। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज (शुक्रवार) हल्की बारिश की संभावना है। जबकि देहरादून समेत हरिद्वार और नैनीताल जिले में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर, आने वाले दिनों की बात करें तो 17 मार्च तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। इसके चलते पहाड़ों में ठंड लौट सकती है। बीते कुछ दिनों से मैदानी इलाकों में चटक धूप खिलने से दिन के अधिकतम तापमान में सामान्य से तीन से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 17 मार्च तक प्रदेशभर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।

### सीएम योगी ने की गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर खेली होली

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली उत्सव की शुरुआत करने के लिए गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलिका दहन स्थल पर पूजा और आरती की। इसके बाद सीएम योगी ने होली खेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में अन्य लोगों के साथ शामिल हुए, जहां उन्होंने फाग गीत गाए और होली का त्योहार मनाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को होली के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की।

**ब्रज में होली निराली, श्रद्धालुओं पर बरस रहे रंग**

## प्रेम मंदिर में भक्तों की भीड़, जमकर खेल रहे होली

**मथुरा**
एजेंसी

कान्हा की नगरी में होली का उल्लास छाया हुआ है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना और दाऊजी में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। बरसाने की लट्ठमार और लड्डूमार होली के बीच अब यहां हर ओर गुलाल बरस रहा है। वहीं आज गोकुल में छड़ीमार होली का आयोजन होगा।

ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में होली की धूम मची रही। रंगीली होली के समापन के दिन भक्त अपने आराध्य श्रीबांकेबिहारी के साथ रंगों की बौछार में सराबोर हो गए। मंदिर में अबीर, गुलाल, केसर और रजत पिचकारी से होली खेली गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और आनंदमय हो गया। मथुरा-वृंदावन में सुबह से ही रंग बरसना शुरू हो गए हैं। विभिन्न मंदिरों पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, तो वहीं प्रेम मंदिर के बाहर भक्तों का सैलाब है। हवा में उड़ता गुलाल अपने आराध्य के सामने होली खेलने वालों की भीड़ लगी हुई है।



### राष्ट्रपति-पीएम ने देशवासियों को दी बधाई

आज पूरे देश में रंगों का त्योहार होली पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई हस्तियों ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर बंगाल तक लोग एक दूसरे को रंग और गुलाल लगा कर होली की बधाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ब्रज की होली भी दुनियाभर में चर्चित है।

## गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में होल्यारों की रंगत बढ़ी

**गोपेश्वर**
हमारे संवाददाता

गोपेश्वर के गोपीनाथ मंदिर में होल्यारों की टोली भोलेनाथ संग होली खेलने पहुंचती है। मान्यता है कि इसी स्थान पर श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ रासलीला रचाई थी। होली पर यहां मंदिर की रंगत बढ़ जाती है।

होली पर्व यूं तो देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, लेकिन चमोली जनपद के गोपेश्वर में होली पर्व अनूठे ढंग से मनाया जाता है। यहां गांव-गांव से पहुंची होल्यारों की टोली भगवान गोपीनाथ के मंदिर में होली मनाने पहुंचते हैं। इस दौरान मंदिर की रंगत देखते ही बनती है। दिनभर भोलेनाथ संग होली खेलने के बाद टोलियां अपने-अपने क्षेत्र के लिए लौट जाती हैं। लंबे समय से यहां यह परंपरा चल रही है।

स्थानीय मान्यता है कि गोपीनाथ मंदिर क्षेत्र में ही श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ रासलीला रचाई थी। मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष होली पर्व अनूठे ढंग से मनाया जाता है। नगर क्षेत्र के साथ ही समीपवर्ती गांवों से होल्यारों की टोली मंदिर में पहुंचती हैं। यहां भगवान गोपीनाथ को अबीर, गुलाल अर्पित करने के बाद सभी टोलियां मंदिर परिसर में एकत्रित होती हैं। जिसके बाद यहां लाउडस्पीकर और पारंपरिक वाद्ययंत्र ढोल-दमाऊं की थाप पर होल्यार झूमकर नाचते हैं।



## अवैध मदरसों के निर्माण की होगी जांच, अभियान रहेगा जारी: सीएम धामी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में अवैध मदरसों के खिलाफ धामी सरकार अभियान चला रही है। सीएम धामी ने कहा कि हमारी सरकार ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का संकल्प लिया है। जहां से भी शिकायतें प्राप्त होंगी, उनका संज्ञान लिया जाएगा और जांच कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उनकी सरकार ने अवैध निर्माण और अवैध मदरसों के खिलाफ जो अभियान चलाया है वह जारी रहेगा। सरकार ऐसे मामलों की जांच करेगी और अवैध निर्माण पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री एक कार्यक्रम के दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का संकल्प लिया है।

जहां से भी शिकायतें प्राप्त होंगी, उनका संज्ञान लिया जाएगा और जांच कराई जाएगी। बता दें कि प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। पिछले 15 दिनों के भीतर 52 से अधिक अवैध रूप से संचालित मदरसों को सील कर दिया गया है। सीएम के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में देहरादून के विकासनगर में 12 और खटीमा में नौ अवैध मदरसों को सील कर दिया गया। इससे पहले विभिन्न जिलों में 31 मदरसों पर कार्रवाई की गई।

## समृद्धि व खुशहाली से जुड़ा है लोक पर्व फूलदेई

**नैनीताल**
अफजल फौजी

देवभूमि उत्तराखंड का लोक पर्व फूलदेई (आज) है। इस लोक पर्व में बच्चे फू लों के साथ घर-घर जाकर लोकगीत फूल देई, छम्मा देई, दैणी द्वार भर भकार गाते हैं, वास्तव में देखा जाए यह लोक पर्व हमारी समृद्धि व खुशहाली से जुडा पर्व है। लोकपर्व फूलदेई को लेकर कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वरिष्ठ वनस्पतिशास्त्री व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी का कहना है कि फूलदेई की विशेषता यह कि घर में सुख शांति के लिए देहली का पूजा जाता है जो घर का रास्ता है जिसका अर्थ है फूल देई फूलों से घर



की देहली शोभायमान हो,छम्मा देई घर में शांति और दया हो,दैणी द्वार घर सबका भाग्यशाली और सफ ल हो जबकि भर भकार का मतलब घर में हमेशा अन्न और धन का भंडार रहे। ये देली बारम्बार नमस्कार घर को बार-बार प्रणाम,फ ूले द्वार घर के द्वार हमेशा फूलों से सुशोभित रहे। यह लोक पर्व बसंत ऋतु राज के प्राकृतिक स्नेह का प्रतीक है और यह प्रकृति पूजा और जगत कल्याण का उत्सव है। इसी दिन से उत्तराखंड में बेटियों को भिटोली दिए जाने का समय प्रारंभ होता है जो एक माह तक चलता है। सांस्कृतिक विरासत के साथ यह पर्व चैत्र संक्रांति के दिन मनाया जाता है क्योंकि पंचांग के अनुसार चैत्र मास से ही नववर्ष की शुरुआत होती है। इस दिन बच्चे घरों की देहली पर फ ूल तथा चावल बिखरते हैं और लोकगीत गाकर समृद्धि की कामना की जाती है। प्रो.तिवारी के मुताबिक फूलदेई पर्व केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रतीक है तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करता है। बच्चों को इस पर्व के माध्यम से वनस्पतियों और फूलों के महत्व को समझने का मौका मिलता है।

# नैनीताल के स्कूलों में उत्साह और उमंग के साथ मनाई होली

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में हॉस्टल के छात्रों के लिए शानदार प्री-होली उत्सव आयोजित किया गया ताकि वे अपने घर से दूर भी त्योहार की खुशियों का आनंद ले सकें। यह विशेष आयोजन कार्यवाहक प्राचार्या अंजना रिचर्ड्स एवं विद्यालय के समर्पित शिक्षकों के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने होली के प्रसिद्ध गीत गाए और नृत्य किया जिससे पूरे परिसर में उत्साह और उमंग की लहर दौड़ गई। संगीत और नृत्य के साथ इस उत्सव ने सभी को एक साथ जोड़ दिया जिससे छात्रों को घर जैसा माहौल महसूस हुआ। सांप्रदायिक सौहार्द और एकता का संदेश होली सिर्फ रंगों का त्योहार ही नहीं बल्कि सौहार्द एकता और प्रेम का प्रतीक भी है। इस उत्सव ने छात्राओं को विविधता में एकता की भावना का अनुभव कराया जहां विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए विद्यार्थियों ने मिलकर एक परिवार की तरह त्योहार मनाया। यह आयोजन इस बात का प्रतीक बना कि प्रेम और सौहार्द के रंग सभी भेदभाव मिटाकर हमें एक सूत्र में पिरो सकते हैं।

उत्सव के दौरान छात्रों के लिए विशेष होली पारंपरिक व्यंजन परोसे गए जिनमें आलू चाट, छोले कुलचे तथा गुलाब जामुन और ताजगी से भरपूर जलजीरा शामिल थे। छात्राओं ने पूरे जोश और उल्लास के साथ इस आयोजन का आनंद लियाए एक.दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और अपने मित्रों व शिक्षकों के साथ इस खुशी के मौके को साझा किया। अब सभी छात्राएं 15 मार्च को आयोजित छलड़ी उत्सव की अत्यंत उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही हैं जब वे अपने विद्यालय रूपी दूसरे परिवार के साथ रंगों से सराबोर होकर होली का आनंद उठाएंगे।



## बच्चों ने हर्बल रंगों का उपयोग करते हुए जमकर मस्ती की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स विद्यालय के विद्यालय प्रांगण में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने हर्बल रंगों का उपयोग करते हुए जमकर मस्ती की। विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता रावत ने बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक होली खेली और सभी को विद्यालय प्रबंधन से पिचकारियां वितरित कीं। इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई तथा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन और नृत्य प्रस्तुत किए गए। अंत में प्रधानाचार्य विनीता रावत ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रबंधक राहुल थॉमस समेत प्रधानाचार्य विनीता रावत, पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, आशा जोशी, अनीता बोरा, मोनिका वर्मा, लता फर्त्याल, किरन मेर,रूचि साह तथा पल्लवी जोशी व शाहीन, विक्रम सिंह रावत, तुलसी बिष्ट,पूनम तथा रेणु एवम समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में प्रधानाचार्या बिनीता रावत ने सभी का आभार जताया।

## मल्लीताल के शिव मंदिर में महिला होली की धूम रही

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल शेरवानी होटल के निकट स्थित शिव मंदिर में गुरुवार को महिला होली की धूम रही । यहां दोपहर बाद शुरू हुई महिला होली शायं तक जारी रही ।

शिव मंदिर में पिछले दो दशकों से महिला होली आयोजित हो रही है । इस होली में प्राधिकरण कम्पाउंड, चीना हाउस, हंस निवास,जुबली हॉल, सैनिक स्कूल,मेलरोज,धूप कोठी,गोपाला सदन,वैभरली,मोहन पार्क,ओक पार्क पॉलिटेक्निक आदि क्षेत्रों की महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं ।

शिव मंदिर में महिला होली के आयोजन के लिये पूर्व सभासद मनोज अधिकारी हल्द्वानी से यहां पहुंचे थे । सैनिक स्कूल की सभासद ललिता (लता)दफौटी, नारायननगर वार्ड के सभासद भगवत रावत होली महोत्सव की व्यवस्थाओं में जुटे रहे ।

शिव मंदिर के आसपास के लोग होली में प्रसाद के रूप में बंटे आलू के गुटकों को तैयार करने में पूरी निष्ठा व धार्मिक भावना से जुटे रहे ।

होली गायन में बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाओं ने मनमोहक होलियों की प्रस्तुति दी । साथ ही स्वांग,नृत्य किया और झोड़े भी गाये इस दौरान सभासद लता दफौटी ने महिला होल्यारों का अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया ।



## NEWS / फटाफट

### मदर्स हार्ट स्कूल में धूमधाम से मनाई होली



**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठ विद्यालय मदर्स हार्ट स्कूल में गुरुवार को धूमधाम से होली मनाई गई। होली कार्यक्रम का आयोजन प्रधानचार्य नगमा परवेज के निर्देशन में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में छात्रों ने होली के प्रसिद्ध गीत गाए और नृत्य किया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और उमंग की लहर दौड़ गई। संगीत और नृत्य के साथ इस उत्सव ने सभी को एकसाथ जोड़ दिया। इस दौरान अलीमा सैयद फहद, जोया अजवेर रैयान, नीमा जोशी, रेनू जोशी, कुमारी ममता, कुमारी नेहा, शाहीन, कुमारी गौतमी, मनीषा, उमा गुसाईं, हेमलता, साहिल, अन्वेशा आदि मौजूद रहे।

### प्राध्यापकों को शोध कार्यों हेतु प्रोजेक्ट संस्तुत किए

**नैनीताल ।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इस वर्ष 23 उच्च शिक्षा प्राध्यापकों को शोध कार्यों हेतु प्रोजेक्ट संस्तुत किए गए हैं। बता दें कि गत वर्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय के 12 प्राध्यापकों को दो वर्ष के लिए यह प्रोत्साहन राशि दी गई थी तथा इस वर्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय के 6 प्राध्यापकों को यह परियोजना मिली है जिनमें प्रोफेसर संजय पंत (फिजिक्स), प्रोफेसर युगल जोशी (सूचना), डॉ नंदन बिष्ट (इकोनॉमिक्स), डॉ अशोक कुमार (म्यूजिक) तथा डॉ अर्चना साह नेगी (फ र्मेसी) तथा डॉ दीपक कुमार (जूलॉजी) शामिल है । कूटा ने सभी प्राध्यापकों को बधाई तथा शुभ कामनाएं दी हैं । कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रोफेसर ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ विजय कुमार सहित कूटा परिवार ने खुशी व्यक्त की है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## मेहरागांव में हुआ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**आयोजन**

- नृत्य और पारंपरिक होली गीतों की गूंज

जिले के भीमताल विकास खंड के उचित दर विक्रेताओं द्वारा मेहरागांव में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत व नृत्य और पारंपरिक होली गीतों की गूंज सुनाई दी ।

इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट और समारोह में शामिल लोगों ने पारंपरिक होली गीत तुम सिद्ध करो महाराज होली के दिन में सीता वन में अकेली कैसे रही----, श्याम मुरारी के दर्शन को----, जल कैसे भरूं ----, आज बिरज में होली रे रसिया--- गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी ने एक दूसरे को गुलाल व अबीर लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी । इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रशासक डा0 हरीश सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस विशेष आयोजन में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विजय जोशी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दिव्या अहीन पांडे, पूर्ति निरीक्षक गोविंद सिजवाली, राजेन्द्र भट्ट, पूर्ति लिपिक मनीष उप्रेती, गौरव जोशी, राजन कुमार सहित कई गणमान्य जनों में भावना मेहरा, हिमांशु जोशी, प्रकाश आर्या, मनोज मेहरा सहित क्षेत्र के उचित दर विक्रेता योगेश पढ़ालनीए दीपेंद्र परिहार, दीप सांगुरी, ललित पांडे, अभिशेख सांगुरी, रीना आर्या, कंचन तथा हितेश सहित कई लोगों ने होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## दो दिवसीय होलिकोत्सव का विशेष आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समर्पित प्रमुख मकसद संस्था की ओर से कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के भिक्यासैण में संस्कृति निदेशालय के विशेष सहयोग से दो दिवसीय होलिकोत्सव का विशेष आयोजन किया गया।

बता दें कि होलिकोत्सव कार्यक्रम का निर्देशन हेमा बिष्ट ने किया, होलिकोत्सव में महिला एवं पुरुष होलियारों ने पारंपरिक बैठकी होली और खड़ी होली के सुर बिखेरे इतना ही नहीं एक-दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर आनंदोत्सव मनाया। होलियारों ने प्रसिद्ध कुमाऊनी होली गीत प्रस्तुत किए जिसमें सर्प्रथम सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन होली खेले गिरजापति नंदन----, शिव मन माहि बसे काशी---, जल कैसे भरु यमुना गहरी----, गोरी प्यारो लगो तेरो झनकारो----, होली खेले पशुपति नाथ-----, सुमिरो सीताराम----, मेरो रंगोलो देवर--- सहित कुमाऊनी गीतों में होलियारों ने नृत्य कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। महिला होलियारों में क्रमशः श्रीमती हेमा बिष्ट, पुष्पा बिष्ट, राधा डंगवाल, मधुली देवी, हंसी देवी, किरण बिष्ट, दीपा बिष्ट, गीता बिष्ट, मंजू रावत, गंगा देवी, जयंती देवी, हेमा अधिकारी, ज्योति जोशी, रेखा गोस्वामी, कमला मेहरा, लीला बिष्ट, पार्वती व शोभा जबकि पुरुष होलियारों में क्रमश: मनोहर सिंह, भरत सिंह, पूरन, जगत, कैलाश, पान सिंह, महेंद्र नेगी, लाल सिंह बिष्ट, तथा महेश आर्या, आनंद व ललित आदि मौजूद रहे। होलिकोत्सव में रंगों की उमंग के साथ कुमाऊंनी संस्कृति की झलक दिखाई दी। इस भव्य होलिकोत्सव में क्षेत्र के अनेक नागरिकों, कलाकारों और संगीत प्रेमी व होलियार महिला पुरूष उपस्थित हुए, सभी ने कुमाऊंनी होली को और अधिक प्रचारित करने एवं युवा पीढी तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उत्तराखंड की होली मात्र एक पर्व नहींए बल्कि संस्कृति और लोक परंपराओं का जीवंत उत्सव है। अंत में मकसद संस्था की सचिव हेमा बिष्ट ने सभी होलियारों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए सभी का आभार जताया। बता दें कार्यक्रम का आयोजन 12 व 13 मार्च को किया गया।

# अभिमत

## संकीर्ण राजनीति

*पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, गुजरात, असम, बंगाल, मणिपुर आदि बोलियों और संस्कृति के आधार पर राज्यों के नाम हैं। विविधता में एकता की मिसाल समग्र भारत है, लेकिन क्षेत्रीय दलों के नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए हिन्दी विरोधी आंदोलन को बढ़ावा देते हैं। सत्तर के दशक में अंग्रेजी के विरोध में आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया था। केन्द्र सरकार को राजभाषा हिन्दी के विरोध को संविधान के विरोध जैसा अपराध मानकर भारतीय रेल के नामपट्ट के साथ छेड़छाड़ के लिए अभियोग स्थापित किया जाना चाहिए।*

राजनीति सिर्फ सत्ता हासिल करने का जरिया बन गई है। पार्टियां और नेता किसी भी नीति का पालन करने को तैयार नहीं हैं। भाई-भाई में मतभेद करने से लेकर क्षेत्रवाद के जरिये देश को बांटने से बाज नहीं आते हैं। हिन्दी का विरोध तमिलनाडु के नेता संकीर्ण मानसिकता से करते रहे हैं। सत्तर के दशक में हिन्दी का विरोध तमिलनाडु से शुरू हुआ। अंग्रेजी का समर्थन किया गया। उत्तर और दक्षिण भारत में बांटने का प्रयास किया गया। राष्ट्रवादियों ने यह साजिश नाकाम कर दी। एक बार फिर हिन्दी का विरोध हो रहा है। तमिल के नेता ने देववाणी संस्कृत को अप्रासंगिक बताकर विवाद खड़ा कर दिया। त्रिभाषा फार्मूले के तहत हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी में रेलवे स्टेशनों पर नाम लिखे हैं। दक्षिण भारत के स्टेशनों पर हिन्दी के नाम पर कालिख पोती जाती है। उत्तर भारत के लोग संयम का परिचय दे रहे हैं। यह उत्तर और दक्षिण भारत तथा भाषा का विवाद नहीं है। सिर्फ तमिलनाडु की क्षेत्रीय पार्टी का स्वार्थ है। भारत के सभी राज्यों में संपर्क भाषा हिन्दी और क्षेत्रीय बोलियां हैं। पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, गुजरात, असम, बंगाल, मणिपुर आदि बोलियों और संस्कृति के आधार पर राज्यों के नाम हैं। विविधता में एकता की मिसाल समग्र भारत है, लेकिन क्षेत्रीय दलों के नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए हिन्दी विरोधी आंदोलन को बढ़ावा देते हैं। सत्तर के दशक में अंग्रेजी के विरोध में आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया था। केन्द्र सरकार को राजभाषा हिन्दी के विरोध को संविधान के विरोध जैसा अपराध मानकर भारतीय रेल के नामपट्ट के साथ छेड़छाड़ के लिए अभियोग स्थापित किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय से स्वतः संज्ञान की उम्मीद की जा सकती है। सच यह है कि उत्तर भारत के विश्वविद्यालयों में भारत के अधिकतर राज्यों की भाषाओं की शिक्षा की व्यवस्था है। नया विवाद संस्कृत के खिलाफ बयान को लेकर उत्पन्न हुआ है। विश्व के अनेक देश संस्कृत के ग्रंथों पर शोध कर रहे हैं। संस्कृत के ग्रंथों में पूरे ब्रह्मांड का ज्ञान है। विज्ञान और तकनीक के नये आविष्कार सदियों पहले से संस्कृत के ग्रंथों में हैं। भारत की सभी क्षेत्रीय भाषा और बोलियों की जननी संस्कृत है। दक्षिण के नेता भले ही हिन्दी के प्रति दुराग्रह रखते हैं, परन्तु यह सच है कि भारत की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय भूमिका के कारण एक भाषा वाले देश चीन, जापान आदि भी हिन्दी सीखने को मजबूर हो गये हैं। डिजिटल दुनिया में भाषा को सीमा में बांधना संकीर्णता के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है।

# फागोत्सवः नगर में निकाला भव्य जुलूस





**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित 29 वें फागोत्सव में बीते रोज रंग जलूस निकाला गया जिसमें होलियारों ने अबीर गुलाल उड़ाकर सबको शुभकामनाएं दी तथा प्रार्थना की सभी जीव धारी विश्व में सुखी एवं स्वस्थ रहें। इससे पूर्व होलियारों ने लाल,पीले,बैंगनी,केसरिया तथा हरा रंग पूरे जलूस में उड़ाया गया तथा जबीर उड़ाता गुलाल उड़ता उड़ते साथू रंग ---,बुरुशी का फूला सहित खड़ी होली का गायन पर होलियारों ने होली नृत्य किया। कैलाश जोशी,भीम सिंह कार्की,हीरा रावत,बिमल चौधरी तथा पारस जोशी, केदार सिंह राठौर,मिथिलेश पांडे, वीरेंद्र,चंदन जोशी,गिरीश भट्ट तथा मुकेश जोशी, सभासद जितेंद्र पांडे दीपक कुमार भोलू ने खड़ी होली का रंग जमाया। एक कुंतल रंग लोगो की खुशियों के साथ उड़ाया गया। इस दौरान हो मुबारक मंजर फूलों भरी ऐसी होली खेले जनाब अली से होली जलूस संपन्न हुआ।

जलूस में भरी संख्या में बाल कलाकार,राम सेवक सभा परिवार के लोगों सहित डॉ किरण लाल साह,पद्मश्री अनूप साह,केदार सिंह राठौर,डॉ कपिल जोशी सहित आदि मौजूद रहे। इस बीच फागोत्सव के तहत आयोजित होने वाली फ टोटो प्रतियोगिता के संयोजक हिमांशु जोशी ने बताया प्रतिभागी को पंजीकरण करना अनिवार्य है तथा अपनी खींची फोटो को फेस बुक में अपलोड करना है। प्रथम पुरस्कार 7500 जबकि द्वितीय 5000 तथा तृतीय 3500 का रखा गया है तथा प्रथम स्थान पर आने वाले को बुरांश संस्था कौसानी थ्रेस कपूर द्वारा फोटोग्राफी की कार्यशाला मुफ्त कराई जाएगी।

## युवक के लापता, पुलिस में गुमशुदगी दर्ज

**नैनीताल** । नैनीताल के पिटरिया क्षेत्र में एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। युवक की बहन की शिकायत पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार मल्लीताल पिटरिया निवासी मुस्कान ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि उसका भाई शनि उर्फ वंश 24 फरवरी को अपने आधार कार्ड को ठीक कराने की बात कहकर घर से सुबह के समय निकला था। तब से वह घर वापस नहीं आया है। तब से उसका मोबाइल भी ऑफ आ रहा है। परिचित व रिश्तेदारों से पता करने के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है। लापता युवक की बहन ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसको खोजने की मांग की है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज कर शहर के सीसी टीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## होली महोत्सव में बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल के नव साँस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा द्वारा आयोजित होली महोत्सव में बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां देते हुए स्वस्थ रहने का सन्देश दिया।

बता दें कि होली महोत्सव के प्रथम चरण में स्कूल के बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं जबकि दूसरे चरण में महिलाओं की बैठ होली में क्षेत्र की महिलाओं द्वारा समा बांधा गयाण् जबकि देर रात्रि तक चली पुरुषों की बैठ होली में शास्त्रीय राग पर आधारित होली विशेष आकर्षक का केंद्र रहीं। होली महोत्सव की मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल जबकि विशिष्ट अतिथि सभासद जितेंद्र पांडे तथा रमेश प्रसाद, उपाध्यक्ष संतोष पंत तथा सचिव पूरन चन्द्र पांडे सहित वरिष्ठ सदस्यों वीरेंद्र जोशी, कैलाश जोशी, प्रकाश चंदोला ने समस्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समिति की तरफ से अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफ ल बनाने में वरिष्ट सदस्य दिनेश जोशीए कुँवर सिंह ललित, मोहन पांडे, इन्द्र सिंह रावत, हिम्मत सिंह, विनोद सनवाल, चंद्र शेखर जोशी, दीपक जोशी, डॉ. हिमांशु पांडे, गणेश लोहनी, कमल बिष्ट, प्रकाश जोशी, नवीन चंदोला, भैरव बिष्ट, विजेंद्र बिष्ट तथा गौरव जोशी आदि द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर भावशवसैवविव के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, सीआर एसटी के प्रधानाचार्य मनोज पांडे, युगमंच के सचिव मनोज कुमार आदि गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य उमेश सनवाल एवं रंगकर्मी शिक्षिका दीपा पांडे ने संयुक्त रुप से किया।



# फिल्मी दुनिया

## होली के दिन पवन कल्याण के फैंस को मिला बड़ा तोहफा



*होली के मौके पर पवन कल्याण के फैंस को बड़ा तोहफा मिला। उनकी फिल्म हरि हर वीरा मल्लू की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया गया। टॉलीवुड के सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म हरि हर वीरा मल्लू पार्ट 1-स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट इस साल सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म है जो मुगल काल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें पवन कल्याण एक ऐसे किरदार में नजर आएंगे जो रॉबिनहुड की तरह गरीबों की मदद करते हुए अन्याय के खिलाफ लड़ता है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। होली के त्योहार और जनसेना पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने फैंस के लिए एक खास तोहफा दिया। आज सुबह (14 मार्च) को फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट जारी किया गया, जिसने सबका उत्साह बढ़ा दिया। ताजा जानकारी के मुताबिक यह फिल्म अब 28 मार्च की बजाय 9 मई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले तय की गई रिलीज डेट को पवन कल्याण के व्यस्त राजनीतिक शेड्यूल की वजह से टालना पड़ा।*

### फिल्म में ये सितारे भी आएंगे नजर

*फिल्म में निधि अग्रवाल मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में हैं। वहीं, बॉलीवुड के मशहूर सितारे बॉबी देओल और नोरा फतेही भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। इस बड़े बजट की पैन-इंडिया फिल्म का संगीत ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरावनी ने तैयार किया है, जो इसे और भी खास बनाता है। फिल्म का निर्देशन कृष जगरलामुदी और एएम ज्योति कृष्णा ने मिलकर किया है। मशहूर निर्माता एएम रत्नम ने इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट का निर्माण किया है।*

## शाह चौधरी में समाज होली मिलन समारोह आयोजित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में शाह चौधरी समाज की ओर से गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महिला होलियारो ने होली के गीत और स्वांग रचकर खूब रंग जमाया। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका की अध्यक्ष डॉक्टर सरस्वती के द्वारा को सम्मानित भी किया गया। साथ ही ममता पंत, रजनी चौधरी, लावण्या साह, राजा साह, राजू त्रिपाठी को सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया।

इस दौरान अध्यक्ष सुरेश साह, सचिव सुरेश चौधरी, पार्थ साह, किशन लाल साह, महेश लाल साह, हिमांशु साह, भानु साह, मोहित लाल शाह, शैलेंद्र चौधरी, आयुष भंडारी, मनोज साह जगाती आदि लोग मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### दुर्घटना का कारण बन सकती सड़क किनारे फैला रेता

**नैनीताल।** नैनीताल- हल्द्वानी मोटर मार्ग में हनुमानगढ़ी क्षेत्र में बीते कई महीनों से लगातार निर्माण सामग्री पत्थर व रेता उतारा जा रहा है। सड़क किनारे फैल रही रेता दुर्घटना का कारण बन सकती है। लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है। ना ही विभाग कोई कार्रवाई करता नजर आ रहा है। इधर मामले में एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि स्थनीय लोगों द्वारा सड़क किनारे उतारा गया रेता कई बार विभागीय जेसीबी से हटाया गया है। एक बार फिर विभाग की जेसीबी मशीन भेजकर सडक़ किनारे जमा रेताए बजरी व पत्थर को हटवाया जाएगा।

### ट्रक यूनियन सदस्य के साथ मारपीट, सौंपी तहरीर

**बाजपुर।** कोल्ड स्टोर के मैनेजर के पास गए ट्रक यूनियन के सदस्य के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। शोरगुल होने पर पहुंचे लोगों को देखते ही आरोपी धमकी देकर चले गए। पीड़ित ट्रांसपोर्टरों के साथ कोतवाल प्रवीण कोश्यारी से मिला और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ट्रक यूनियन अध्यक्ष बल्देव सिंह नामधारी की अगुवाई में यूनियन कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल प्रवीण कोश्यारी से मुलाकात की। गांव रानी नांगल निवासी गुरप्रीत सिंह ढिल्लो ने दी तहरीर में बताया कि 11 मार्च को वह रामराज रोड स्थित एक कोल्ड स्टोर के मैनेजर से बात करने गया था। इस दौरान हाथों में लाठी डंडे, तलवारें सहित अन्य हथियार लेकर कुछ लोग आ धमके।
आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोरगुल होने पर पहुंचे लोगों के देखते ही आरोपी धमकी देकर भाग गए।
आरोपियों ने अपने को एक विधायक का खास बताया था। वहां विक्की रंधावा, एसएस नामधारी सनी निज्जर थे।

# आईफा अवॉर्ड जीतने के बाद देहरादून पहुंचे जुबिन नौटियाल

देहरादून
हमारे संवाददाता

आईफा अवॉर्ड जीतने के बाद सिंगर जुबिन नौटियाल देहरादून पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर प्रशंसकों ने उन्हें घेर लिया।
इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (आईफा) अवार्ड में बेस्ट प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड जीतने के बाद पहली बार देहरादून पहुंचने पर जुबिन नौटियाल का भव्य स्वागत किया गया। देहरादून एयरपोर्ट पर उनके सैकड़ो प्रशंसकों ने उनका भव्य स्वागत किया। जिसके बाद जुबिन नौटियाल एयरपोर्ट से अपने घर देहरादून को रवाना हुए। जुबिन नौटियाल एयर इंडिया की फ्लाइट से मुंबई से देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे।



गले में गेंदे के फूल की माला पहने जुबिन नौटियाल हाथ जोड़ते हुए देहरादून एयरपोर्ट के टर्मिनल से बाहर निकले। इसके बाद उनके प्रशंसकों ने उनको घेर लिया। काफी देर तक प्रशंसक उनके साथ फोटो और सेल्फी लेते रहे। इसके बाद वह देहरादून अपने घर को रवाना हुए।

**स्वागत**
● एयरपोर्ट पर प्रशंसकों ने घेरा, भव्य स्वागत

जुबिन नौटियाल को राजस्थान, जयपुर में आयोजित आईफा अवॉर्ड में बेस्ट प्लेबैक सिंगर का अवार्ड मिला है। उन्हें यह पुरस्कार फिल्म आर्टिकल फिल्म 370 के गीत दुआ के लिए दिया गया है। अवार्ड लेते समय जुबिन ने कहा था कि यह अवॉर्ड उनके प्रशंसकों व उनके परिवार को समर्पित है। जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया है। उस वक्त कार्यक्रम के उनके माता-पिता भी मौजूद थे। यह उनके करियर का दूसरा आईफा अवार्ड बताया जा रहा है।

# रुद्रपुर नगर निगम में होली मिलन समारोह का आयोजन

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

आज पूरे देश में रंगों का त्योहार होली पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लोग एक दूसरे को रंग और गुलाल लगा कर होली की बधाई दे रहे हैं।
नगर निगम रुद्रपुर में महापौर विकास शर्मा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर अबीर गुलाल उड़ा। इस दौरान महापौर ने पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों कर्मचारियों के साथ ही मीडिया कर्मियों के साथ होली खेली और सभी को होली की शुभकामनाएं दी।
कार्यक्रम में होली गीतों पर महापौर के साथ पार्षद,नगर निगम अधिकारी कर्मचारी और मीडिया कर्मी थिरकते नजर आये। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में विविधता के बीच एकता का प्रतीक



होली का पर्व है। यह न सिर्फ रंगों से खेलने का, बल्कि भाईचारे, प्रेम और मेलजोल का पर्व भी है। यह एक ऐसा अवसर है जब लोग एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करके एक-दूसरे के प्रति प्रेम और स्नेह व्यक्त करते हैं।
इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, प्रभारी नगर सहायक आयुक्त रणदीप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. हर्षपाल चंडोक, मुख्य वित्त अधिकारी जुबक मोहन सक्सेना, पार्षद मेंहदी शर्मा, सरो राय, शिव कुमार, अंजली, मुकेश रस्तोगी, इन्द्रजीत सिंह, सौरभ बेहड़, शुभम दास, चिराग कालड़ा, गौरव गिरी, गौरव खुंराना, पूजा मुंजाल, राजेश जग्गा, सुशील चौहान, बीनू, सुशील मंडल, जितेश कुमार, जगदीप भाटिया, प्रमोद शर्मा, राजेन्द्र राठौर, मधु शर्मा, राना सुमन, पूनम, प्रियंका गुप्ता, सुनील कुमार, विष्णु, साबिर कुरैशी, गिरीश कुमार, कैलाश राठौर, निमित कुमार शर्मा, नीतू, कुसुम शर्मा, पवन राना, महेन्द्र पाल आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# आदिबदरी में होटल में घुसा घायल गुलदार

चमोली
हमारे संवाददाता

चमोली जिले आदिबदरी में एक होटल में घुसे गुलदार को वन विभाग की टीम ने ट्रेंक्यूलाइज किया।
चमोली जिले आदिबदरी में एक होटल की पिछली गली में गुलदार घुस गया। गुलदार पहले से घायल था। मौके पर लोगों में हड़कंप मच गया। घायल होने की वजह से गुलदार किसी भी तरह का मूवमेंट नहीं कर पा रहा था। गुलदार के होटल में होने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। गुलदार को ट्रेंक्यूलाइज किया गया। टीम ने पिंजरे में गुलदार को बाहर निकाला।

**दहशत**
● वन विभाग की टीम ने किया ट्रेंक्यूलाइज



# उत्तराखंड में 12वीं तक के छात्रों को पढ़ाई जाएगी सड़क सुरक्षा

देहरादून
हमारे संवाददाता

हादसों से बचाव के लिए अब बच्चों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग पूर्व में कक्षा तीन व अन्य के लिए पुस्तकें भेज चुका है। अब 9वीं से 12वीं के लिए भी पुस्तकें तैयार कराई जा रही हैं।
राज्य में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। युवावस्था में बिना हेलमेट, ओवर स्पीड, शराब का सेवन कर वाहन चालन जैसे तमाम विकारों की दूर करने के लिए परिवहन विभाग ने खास कवायद शुरू की है। इसके तहत पूर्व में कक्षा-तीन व ऊपर की कक्षाओं के लिए 52,000 पुस्तकें प्रकाशित कराई गई, जिन्हें स्कूलों तक पहुंचा दिया गया है। यहां शिक्षक सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ा रहे हैं। परिवहन विभाग ने अब 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को भी सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाने की योजना बनाई है। इसके लिए पुस्तकें प्रकाशित कराई जा रही हैं। इन पुस्तकों में युवावस्था में सड़क सुरक्षा के प्रति कैसे सजग रहकर खुद व दूसरों की जान कैसे बचाएं, ये जानकारी भी दी जाएगी।
सड़क सुरक्षा जागरुकता के तहत परिवहन विभाग ने वर्ष 2022 में 350 और वर्ष 2023 में 475 कार्यक्रम कराए हैं। इस बार भी इससे अधिक कार्यक्रम कराने की योजना है। प्रदेश में जितने भी व्यावसायिक वाहन हैं, उनमें गति नियंत्रक जरूरी है। पिछले साल 31 दिसंबर तक राज्य में 1,31,113 वाहनों में ये उपकरण लगाए जा चुके हैं। आने वाले समय में सभी व्यावसायिक वाहनों में ये स्पीड गवर्नर लगाए दिए जाएंगे।

# खेल विभाग व युवा कल्याण विभाग का एकीकरण संभव नहीं: नेता प्रतिपक्ष

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राज्य सरकार खेल विभाग और युवा कल्याण विभाग के एकीकरण का प्रस्ताव ला रही है। उन्होंने कहा कि खेल विभाग पूर्णत: तकनीकी विभाग है जबकि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग गैर तकनीकी विभाग है जिसके कारण इसका पूर्णत: एकीकरण किया जाना संभव नहीं है।
आर्य ने कहा कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग में भी दो घटक युवा कल्याण एवं ग्रामीण खेलकूद, पीआरडी स्वयं सेवक सम्मिलित हैं जिसके दृष्टिगत खेल



विभाग के साथ किया प्रान्तीय रक्षक दल (पीआरडी) विभाग को एकीकृत किया जाना खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के हित में किसी भी दृष्टि में लाभदायक तथा न्यायोचित नहीं है। नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि खेल विभाग द्वारा मुख्य एवं मात्र खेल गतिविधियों का ही संचालन कराया जाता है जबकि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा अनेकों प्रकार की योजनाएं संचालित क्रियान्वित करायी जाती है जिसमें ग्रामीण खेलकूद गतिविधियां कुल योजनाओं योजना में 5 प्रतिशत का ही कार्य है जबकि अन्य सभी योजनाएं 95 प्रतिशत की है जो खेल गतिविधियों से पूर्णत: इतर है जिसका खेल से किसी भी प्रकार की कोई समानता नहीं है तथा सरकार द्वारा यदि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग को किसी अन्य विभाग में एकीकृत किया जाना आवश्यक हो तो इस विभाग की योजनाओं गतिविधियों जैसे पीआरडी स्वयं सेवक सेवायोजन, शान्ति व सुरक्षा फोर्स को मध्यनजर रखते हुए युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग को होमगार्ड अथवा सेवायोजन विभाग के साथ एकीकृत किये जाने पर विचार किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि खेल विधा चाहे वो ग्रामीण स्तर पर हो अथवा शहरी स्तर पर एक तकनीकी विधा है जिसके कुशल संचालन हेतु कार्मिकों का तकनीकी रूप से दक्ष होना नितान्त आवश्यक है।
नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग तथा प्रांतीय रक्षक विभाग को पूर्व की भांति अलग.अलग ही रहने देना चाहिए क्योंकि सभी के कार्य अलग-अलग हैं और रूपरेखा भी अलग.अलग है। दोनों के विलय से खेल विभाग अपने उद्देश्यों की पूर्ति से दूर होता जाएगा।

### हादसों को न्योता दे रहे विपरीत दिशा में दौड़ रहे वाहन

**नैनीताल।** नैनीताल में पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी लोग यातायात नियमों का उलंघन कर रहे हैं। जिसके चलते सड़कें पार्किंग स्थल और मॉलरोड वन वे होने के बाद भी पर विपरीत दिशा में वाहन दौड़ रहे हैं जो हादसों को दावत दे रहे हैं। मामले में एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बताया कि अभियान चलाकर यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**गदरपुर।** होली पर्व और रमजान को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसओ जसवीर सिंह चौहान और अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाने से प्रारंभ होकर गूलरभोज रोड, सनिया रोड, मुख्य बाजार, बुध बाजार, पुरानी अनाज मंडी, गुरुद्वारा सिंह सभा से होता हुआ थाने में समाप्त हुआ। एसओ जसवीर चौहान ने कहा होली पर्व पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


समस्त क्षेत्रवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
नवीन चन्द्र ममगाई
केन्द्रीय प्रवक्ता
उत्तराखण्ड क्रांति दल